नियम-कायदे तोड़कर बुलाया जा रहा विस का दो दिवसीय सत्र : भाजपा

# बाढ़ समेत हर समस्या पर सरकार की विफलता उजागर करेगा विपक्ष

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 अगस्त।

आगामी 16 व 17 अगस्त को होने वाले दिल्ली विधानसभा के सत्र में भाजपा ने आम आदमी पार्टी सरकार से मुख्य मुद्दों पर जवाब मांगने का फैसला किया है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा का दो दिवसीय सत्र सारे नियम-कायदों को तोड़कर बुलाया जा रहा है, लेकिन केजरीवाल सरकार की हर समस्या पर विफलता को भाजपा उजागर करेगी। साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल से विधायकों के संवैधानिक हितों की रक्षा करने का भी अनुरोध किया है, क्योंकि इस बार भी सरकार ने प्रश्नोत्तर काल न रखने का फैसला किया है।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और वीरेंद्र सचदेवा ने साझा पत्रकार वार्ता में उन ज्वलंत सवालों का उल्लेख किया, जिनका जवाब विधानसभा सत्र में देने के लिए आम आदमी पार्टी सरकार को मजबूर किया जाएगा।

*आगामी* 16 व 17 अगस्त को होने वाले विस सत्र में भाजपा ने आम आदमी पार्टी सरकार से मुख्य मुद्दों पर जवाब मांगने का फैसला किया।

*भाजपा* के प्रदेश अध्यक्ष ने उपराज्यपाल से विधायकों के संवैधानिक हितों की रक्षा करने का भी अनुरोध किया है, इस बार भी सरकार ने प्रश्नोत्तर काल न रखने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में इस साल बाढ़ आई व हर नाजुक मौके की तरह इस बार भी आप सरकार नाकाम साबित हुई। बाढ़ के बाद आंखों का संक्रमण व डेंगू तेजी से फैल रहा है लेकिन दिल्ली सरकार ने जनता को इनसे बचाने का कोई जमीनी प्रयास नहीं किया।

भाजपा दिल्ली सरकार से जवाब चाहेगी कि आखिर फैसला आने के बाद एक्साइज पालिसी, फीडबैक यूनिट, शीशमहल, विज्ञापन घोटाले व प्राइवेट बिजली कंपनियों को अवैध लाभ पहुंचाने की फाइलें आधी रात को क्यों चोरी की गईं? पिछले पांच सालों में दिल्ली जल बोर्ड का घाटा 72 हजार करोड़ को पार कर गया है। दूसरी तरफ डीटीसी के बेड़े में कुल 3504 बसें बची हैं व उनमें से पांच सौ से सात सौ बसें रोजाना सड़कों पर खराब हो रही हैं। डीटीसी का घाटा पिछले पांच सालों में ही 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। इसके अलावा दिल्ली से मेरठ तक बनने वाले रेल प्रोजेक्ट के लिए अपने हिस्से का फंड नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट से पड़ी फटकार का मामला भी विस सत्र में उठाया जाएगा। पैनिक बटन के नाम पर हुई अनियमितता को भी सदन में उठाया जाएगा।

बिधूड़ी ने कहा कि इस बार भी प्रश्नोत्तर काल नहीं रखा गया। यह विधायकों के संवैधानिक अधिकारों पर कुठाराघात है। उन्होंने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि दिल्ली विस के अधिवेशन बुलाने व सदस्यों के अधिकारों के हनन के मामले में वह हस्तक्षेप करें। जल्द भाजपा विधायक दल इस संबंध में उपराज्यपाल से भेंट करेगा।

अंतरराज्यीय ठग गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

# क्रेडिट कार्ड धारक को ठगने के बाद सुनार को लगाते थे चपत

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 अगस्त।

साइबर टीम, थाना सेक्टर 20 नोएडा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले क्रेडिट कार्ड धारक को ठग कर, उसी रकम से सोना खरीदने के नाम पर सुनार को भी चपत लगाते थे। आरोपियों के कब्जे से दो लाख 12 हजार रुपए, छह मोबाइल व तीन लाख कीमत का सोना जब्त किया गया।

डीसीपी हरीश चंदर के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों की पहचान भूपेंद्र, हिमांशु, ध्रुव रहलान व सचिन परिहार के रूप में हुई है। गिरोह का कोई स्थायी ठिकाना नहीं है, सभी फोन व लैपटाप से संपर्क में रहते थे। इस संगठित गिरोह का सरगना भूपेंद्र है। वह पहले भी हैदराबाद में इसी मामले में जेल जा चुका है। यह साथियों के साथ मिलकर आनलाइन माध्यम से सोने को खरीदने व ठगी करने का काम 2018 से कर रहा है। हाल ही में नोएडा के सेक्टर-18 में दो जेवरात की दुकान से इस गिरोह ने ठगी की थी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी धोखाधड़ी कर बैंक से विवरण लेकर खाता धारक को क्रेडिट कार्ड की उपयोग सीमा बढ़ाने के लिए फोन करते थे। खाता धारक से कार्ड का ब्यौरा लेकर ये जेवरात की दुकान पर फोन कर सोने के आभूषण, सिक्कों को खरीदने के लिए बातचीत करते थे। खरीदे गए सिक्कों, आभूषण का क्रेडिट कार्ड से आनलाइन भुगतान कर देते थे। इन्हें लेने भी वे खुद नहीं जाते थे, बल्कि पोर्टर ऐप के जरिए किसी को दुकान पर भेजते थे। दुकान मालिक को बताते थे कि मेरा आदमी आएगा, जो आपको आइडी बताकर माल ले लेगा। क्रेडिट कार्ड धारक को रुपए कटने का पता चलने पर वह साइबर पुलिस सेल को जानकारी देता था, जिससे आनलाइन भुगतान को रोक दिया जाता था। उसके बाद जेवरात दुकान मालिक को ठगी का पता चलता था।

यह गिरोह फोन के जरिए झारखंड एवं मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में क्रेडिट कार्ड उपयोग कर रहे लोगों से पाइंट रिडीम करने के बहाने से लोगों से आनलाइन शापिंग ऐप पर भुगतान करवाकर आनलाइन सोने व इलेक्ट्रिक सामानों को खरीदते थे। खरीदे सामान को ओएलएक्स एवं सोने के आभूषण आदि को अन्य आनलाइन शापिंग ऐप के जरिए बेच देते थे।

## ख़बरों में शहर

### युवक का शव पेड़ से लटका मिला

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 9 अगस्त।

थाना ईकोटेक थ्री क्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि महिला उद्यमी पार्क को जाने वाली सड़क के किनारे एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो युवक की शिनाख्त नीरज (22) निवासी जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि युवक ने पेड़ से लटक कर आत्महत्या की है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह नशे का आदी था। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस जांच कर रही है।

### भारत छोड़ो आंदोलन की याद में निकाली तिरंगा यात्रा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 अगस्त।

भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर गांधी दर्शन के उपाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने बुधवार को राजघाट से पुरानी दिल्ली के चरती लाल गोयल हैरिटेज पार्क तक तिरंगा यात्रा निकाली। गोयल ने कहा कि अंग्रेज तो भारत छोड़ गए, किंतु आजादी के 75 साल बाद देश में आज भी भ्रष्टाचार, गरीबी, जातिवाद व स्वच्छता का मुद्दा गंभीर बना हुआ है, जो निंदनीय है।

### क्रांतिकारियों को याद करने का दिन नौ अगस्त : कांग्रेस

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 अगस्त।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने बुधवार को भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर आजादी के लिए शहीद हुए क्रांतिकारियों को नमन करते हुए ऐतिहासिक चांदनी चौक, टाउन हाल के नजदीक राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि नौ अगस्त उन क्रांतिकारियों को याद करने का दिन है, जो देश को आजादी दिलाने के लिए शहीद हुए थे। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि अगस्त क्रांति दिवस पर प्रधानमंत्री का बयान कि भ्रष्टाचार, वंशवाद व तुष्टिकरण भारत छोड़ो पूरी तरह से देशवासियों को गुमराह करने वाला है।

### पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग, रामलीला मैदान में आज हुंकार भरेंगे कर्मचारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 अगस्त।

पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर आल इंडिया रेलवे फेडरेशन (एआइआरएफ) के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने कहा कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं की गई तो भारत बंद का आह्वान किया जाएगा। इस मांग को लेकर देशभर के केंद्रीय व राज्य सरकार के कर्मचारी 10 अगस्त को रामलीला मैदान में सरकार के खिलाफ हुंकार भरेंगे। मिश्रा ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए धन की कमी क्यों हो रही है।

### एटीएम से चार लाख 39 हजार रुपए चोरी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 अगस्त।

सेक्टर-19 स्थित प्रधान डाकघर परिसर में लगे एटीएम से चार लाख 39 हजार 500 रुपए चोरी हो गए। रुपए चोरी करने का शक एटीएम की देखरेख करने वाली कंपनी पर जताया गया है।

पोस्ट मास्टर मैनपाल सिंह ने थाना सेक्टर-20 में दी शिकायत में बताया कि डाकघर परिसर में एक एटीएम लगा है, जो पांच अगस्त से खराब है। इसको लेकर एटीएम की देखरेख करने वाली कंपनी 'सिक्योर वैल्यू इंडिया लिमिटेड' को सूचित किया गया। इसके बाद कंपनी के कर्मचारी गोविंद चौधरी ने एटीएम को खोलकर देखा तो मशीन से पीसी गायब थी।

# दो स्थानों पर कारखानों में लगी आग, नौ जखमी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 अगस्त।

राजधानी के अलग-अलग इलाकों में दो कारखाना में बुधवार को भीषण आग लग गई। पहले गांधी नगर स्थित एक प्लाईवुड के कारखाना में आग लगी। दूसरी घटना मायापुरी की है, जहां पर एक सोफा बनाने वाले कारखाना में आग लगी। यहां नौ लोग जख्मी हो गए।

दिल्ली दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बुधवार को बताया कि एफ-6 मायापुरी फेस-2 में एक सोफा बनाने वाले कारखाना में आग लगने की जानकारी मिली थी। आग सोफा स्प्रिंग के पैकिंग बाक्स में लगी थी। आग से सात लोग मामूली रूप से झुलस गए व उन्हें दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल (डीडीयू) अस्पताल ले जाया गया। घायल लोगों की पहचान राकेश, राम निवास, संतोष, हरिचंद, विक्रांत, किशन व इंद्रजीत के रूप में हुई है। वहीं दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल रणधीर सिंह व विक्रांत भी इस घटना में झुलस गए। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अपराध जांच दल को भी मौके पर बुलाया। मायापुरी पुलिस मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 3:55 बजे गांधी नगर पुलिस थाने के एक गश्ती दल ने थाने के पास स्थित जगमोहन प्लाईवुड दुकान से धुआं निकलते देखा। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की। सूखी लकड़ियां होने के कारण आग तेजी से फैल गई। इस वजह से आग पर काबू पाने में समय लगा व दुकान जल कर खाक हो गई।



गांधी नगर में आग पर काबू पाते दमकलकर्मी।

**स्थानीय दमकल केंद्र बनेगा**

गांधी नगर से विधायक अनिल कुमार बाजपेयी ने कहा कि ऐसे हादसों में तेजी से राहत पहुंचाने के लिए स्थानीय दमकल केंद्र बनाने के लिए गांधी नगर में जगह आबंटित की गई है।

### हवाई अड्डे के आसपास बनेगा भवन निर्माण का केंद्र

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 9 अगस्त।

जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास आने वाले दिनों में भवन निर्माण (रियल एस्टेट) का बड़ा केंद्र बनेगा।

जिसके लिए यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से बड़ी संख्या में अनुमोदन लेने की जरूरत होगी। इस प्रक्रिया को डिजिटल व आनलाइन बनाने के लिए यीडा में भवन योजना अनुमोदन प्रबंधन प्रणाली (बीपीएमएस) के लिए एजंसी के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसको लेकर प्री बिड बैठक हुई, जिसमें कंपनियों ने प्रणाली लागू करने को लेकर अपने सुझाव दिए है।

# दो सौ करोड़ की मियादी जमा जालसाजी मामले में बयान दर्ज

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 अगस्त।

प्राधिकरण से जुड़े 200 करोड़ रुपए की मियादी जमा (एफडी) मामले में अधिकारी-कर्मचारियों और बैंक कर्मियों के बयान लेने का काम पूरा हो गया है। अब सभी साक्ष्य व बयानों को एकत्रित कर अंतिम रपट तैयार की जाएगी। एक सप्ताह के अंदर रपट जांच समिति सीईओ को सौंपेगी। इस मामले में 25 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज हुए हैं।

प्राधिकरण ने करीब डेढ़ महीने पहले सेक्टर-62 स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा में 200 करोड़ रुपए की एफडी जमा कराई थी। इस रकम को जालसाज ने फर्जी तरीके से दूसरे खातों में हस्तांतरित कराना शुरू कर दिया। पहली बार में दो करोड़ 90 लाख रुपए हस्तांतरित करा दिए। जबकि दूसरी बार नौ करोड़ रुपए और हस्तांतरित कराए, लेकिन इस बीच फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। बताया गया है कि जालसाज की साजिश पूरे 200 करोड़ रुपए की हड़पने की थी। इस मामले में थाना सेक्टर-58 में एफआइआर के अलावा प्राधिकरण स्तर पर भी जांच कमेटी गठित कर दी गई थी। प्राथमिक जांच में प्राधिकरण के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। इस मामले में सीईओ ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा। सीएफओ की ओर से इसका जवाब भी दिया गया। सीईओ ने सीएफओ के जवाब को जांच समिति के पास भेज दिया। जांच समिति अब तक प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक, सीएफओ, लेखाकार समेत बैंक प्रबंधक एवं अन्य कर्मियों के बयान ले चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले से जुड़े सभी पक्षों का बयान लेने का काम पूरा कर लिया गया है। जल्द ही मामले से जुड़ी अंतिम रिपोर्ट सीईओ को सौंप दी जाएगी।

*प्राधिकरण* ने सेक्टर-62 स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा में 200 करोड़ की एफडी जमा कराई थी। इस को जालसाज ने दूसरे खातों में हस्तांतरित कराना शुरू कर दिया। पहली बार में करीब तीन करोड़ हस्तांतरित करा दिए। दूसरी बार में इस फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया।

### बस व आटो में चोरी करने के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 9 अगस्त।

थाना कासना पुलिस ने चोरी करने के आरोप में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया। आरोप है कि वे भीड़भाड़ वाले इलाके, बाजार, बसों व आटो में सफर करने वाली महिलाओं को निशाना बनाती थीं। पुलिस ने तीनों महिलाओं को आटो सवार एक महिला के बैग से रुपए चोरी के आरोप में रंगे हाथ गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी किए गए छह हजार रुपए बरामद किए।

थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला के मुताबिक, मंगलवार शाम एक महिला ने पुलिस को सूचना दी कि आटो में उसके बैग से रुपए चोरी कर लिए गए। महिला ने अपने पास बैठी तीन महिलाओं पर शक जाहिर किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच तीनों महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो तीनों ने रुपए चोरी करने की बात कबूल की। महिला आरोपियों की पहचान राधा, गुड्डी व रूबी निवासी जनपद फरीदाबाद हरियाणा के रूप में हुई है। तीनों महिलाएं हरियाणा से ग्रेटर नोएडा में आकर महिलाओं के बैग से रुपए व सामान चोरी करती थीं।


IOL

**आईओएल केमिकल्स एंड फर्मास्यूटिकल्स लिमिटेड**

30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडएलॉन और कंसोलिडेटिड लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(करोड़ों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडएलॉन | | | | कंसोलिडेटिड | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 30.06.2022 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 30.06.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 30.06.2022 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 570.24 | 595.93 | 570.16 | 2,242.68 | 570.24 | 595.94 | 570.17 | 2,242.72 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर, विशेष तथा/या साधारण मदों से पूर्व) | 61.53 | 87.53 | 46.81 | 189.49 | 61.18 | 87.04 | 46.59 | 188.65 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद) | 61.53 | 87.53 | 46.81 | 189.49 | 61.18 | 87.04 | 46.59 | 188.65 |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद) | 46.21 | 65.27 | 34.89 | 139.98 | 45.86 | 64.78 | 34.67 | 139.14 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए (कर के बाद) लाभ/(हानि) तथा अन्य (कर के व्यापक आय बाद) को शामिल करके] | 44.98 | 66.06 | 34.43 | 139.78 | 44.63 | 65.57 | 34.21 | 138.94 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 58.71 | 58.71 | 58.71 | 58.71 | 58.71 | 58.71 | 58.71 | 58.71 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित) | 1,492.82 | 1,447.84 | 1,365.99 | 1,447.84 | 1,493.64 | 1,449.01 | 1,367.78 | 1,449.01 |
| 8 | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) (31.03.2023 को समाप्त वर्ष को छोड़कर वार्षिकी नही) मूल व तनुकृत ₹ | 7.87 | 11.11 | 5.94 | 23.84 | 7.81 | 11.03 | 5.91 | 23.70 |

टिप्पणियां:
1. उपरोक्त विवरण सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण तथा अन्य प्रकृटीकरण अपेक्षांए) विनियमनों, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत शेयर बाजार में दाखिल की गई 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का संपूर्ण विवरण शेयर बाजार की वेबसाईट अर्थातः www.bseindia.com तथा www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाईट www.iolcp.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणाम की ऑडिट कमेटी द्वारा समीक्षा की गई है और इसके बाद 09 अगस्त, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित निदेशकों के बोर्ड की बैठक में अनुमोदित किए गए है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते आईओएल केमिकल्स एंड फर्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
हस्ता./-
विकास गुप्ता
संयुक्त प्रबंध निदेशक
DIN: 07198109

स्थानः लुधियाना
तिथिः 09 अगस्त, 2023

CIN: L24116PB1986PLC007030,
पंजीकृत कार्यालयः गांव व डाकखाना हंडिया, फतेहगढ़ चन्ना रोड, बरनाला- 148107, पंजाब
कारपोरेट कार्यालयः 85, इंडस्ट्रियल एरिया 'ए', लुधियाना- 141003 (पंजाब)
टेलीः +91-161-2225531-35, ई-मेलः contact@iolcp.com, www.iolcp.com



**रामसन्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड**

सीआइएन : L74899DL1994PLC063708
पंजीकृत कार्यालयः 201, एम्पायर अपार्टमेंट, प्रथम तल, सुल्तानपुर, गदाईपुर, एम.जी. रोड, साउथ वेस्ट दिल्ली - 110030, नई दिल्ली
कॉर्पोरेट कार्यालयः यूनिट 501, 5वीं मंजिल, एसएएस टावर, टावर बी, सेक्टर-38, गुरुग्राम - 122001, हरियाणा
वेबसाइट : www.ramsonsprojects.com, ई-मेलः corprelations@ramsonsprojects.com

30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन अन-ऑडिटेड वित्तीय परिणामों का विवरण

(आंकड़े लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30 जून, 2023 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30 जून, 2022 (अलेखापरीक्षित) | वित्तीय वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 13.44 | 12.48 | 56.81 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व ) | 3.97 | 7.57 | 6.62 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (अपवादात्मक तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 3.97 | 7.57 | (5.15) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) कर पश्चात (अपवादात्मक तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 3.42 | 7.57 | (5.31) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ / (हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 4.70 | 6.56 | 5.22 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.65 | 300.65 | 300.65 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | 301.94 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु)* | | | |
| | 1 मूल : | 0.11 | 0.25 | (0.18) |
| | 2 तनुकृत : | 0.11 | 0.25 | (0.18) |

नोट्स :
1 *अंतरिम अवधि के लिए प्रति शेयर आय वार्षिक नहीं है।
2 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के वित्तीय परिणाम स्टैंडअलोन आधार पर तैयार किए गए हैं, क्योंकि ऐसी कोई स्थिति नहीं है जहां कंपनी के मामले में समेकन की आवश्यकता हो।
जहां भी आवश्यक हो, संबंधित अवधियों के आंकड़ों को पुनर्समूहित और पुनर्व्यवस्थित किया गया है-
3 उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमन 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर तीमाही वित्तीय परिणामों का एक सारांश है। तिमाही परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.ramsonsprojects.com) पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
रामसन्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
हस्ता/-
सुनील सचदेव
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00012115

स्थानः गुरुग्राम
तिथिः 09/08/2023



www.readwhere.com

